# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक: 04.04.2025

## प्रकाशनार्थ

### रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग का विभागीय ऑडिट के साथ ही व्याख्यान

दिनांक 4 मार्च 2025, गोरखपुर। दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन में विभागीय लेखा परीक्षण विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य, बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नौगढ़, सिद्धार्थनगर रहे। इसके साथ ही बी.ए. भाग तीन के विद्यार्थियों का छायाचित्रण एवं विदाई समारोह का भी आयोजन हुआ। उक्त अवसर पर प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव ने रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग की वार्षिक कार्य योजना, शिक्षण कार्य, प्रयोगशाला, कार्यशाला तथा विभिन्न प्रकार के प्रतिदर्शो का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विषय निश्चित ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं नए प्रतिमान स्थापित करेगा। विद्यार्थियों से अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि हमारा राष्ट्र विभिन्न प्रकार के बाह्य और आंतरिक सुरक्षा खतरों से जूझ रहा है। ऐसे में इस विषय के विद्यार्थियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह आम जनता को सुरक्षा के विभिन्न प्रकार के खतरों से अवगत कराकर उन्हें सजग एवं सचेत करते हुए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निवर्हन करें।

उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को आगामी जीवन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। शिक्षक और परिवार उनको निश्चित आकार देकर समाज तथा देश के लिए उपयोगी बनाते हैं जिससे उनका जीवन निरंतर गतिमान होकर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।

कार्यक्रम में आई. क्यू. एस. सी. के समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने विद्यार्थियों को आने वाली विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में जितना अधिक प्रयास और प्रयत्न करेंगे उतना अधिक अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन बी.ए. भाग दो की छात्रा अनामिका उपाध्याय ने किया । अतिथियों का स्वागत परिचय विभागीय शिक्षक डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. आर.पी. यादव ने किया। साथ ही विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उक्त अवसर पर विभागीय शिक्षक श्री विकास कुमार पाठक तथा कर्मचारी श्री राजकुमार भी उपस्थित रहे।

(डॉ. शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, मीडिया एवं सूचना अधिकारी